# जैकलीन की फिल्म से अलग हुए कार्तिक आर्यन?

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



2016 में आई साउथ इंडियन फिल्म किरिक पार्टी के रीमेक को अगले महीने से फ्लोर पर जाना है। शुरुआती प्लान के मुताबिक, इस कॉलेज कैंपस ड्रामा में कार्तिक आर्यन और जैकलीन फर्नांडिस नजर आने वाले थे। हालांकि, अब खबरों की मानें तो क्रिएटिव डिफरेंसेस के कारण कार्तिक ने खुद को इस प्रॉजेक्ट से अलग कर लिया है। बता दें, करीब 6 महीने पहले कार्तिक ने इस फिल्म के साथ जुड़ने एक सूत्र के मुताबिक, डायरेक्टर अभिषेक जैन की यह फिल्म पिछले साल अक्टूबर में रोल हुई लेकिन फिर स्क्रिप्ट को दोबारा राइटिंग टेबल पर भेजा गया। इसकी वजह यह थी कि ज्यादातर लोगों को लगा कि रीमेक में ह्यूमर और चार्म नहीं आ पा रहा है जिसकी वजह से ऑरिजनल कन्नड़ फिल्म को सफलता मिली थी। बताया जा रहा है कि मेकर्स तो स्क्रिप्ट पर दोबारा काम करने को लेकर खुश थे लेकिन कार्तिक श्योर नहीं थे। सूत्र ने आगे बताया, कुछ हफ्तों पहले कार्तिक की प्रड्यूसर्स के साथ मीटिंग थी जिसमें उन्होंने अपने डाउट्स को सामने रखा। यही नहीं, वह मई में इम्तियाज अली की अगली फिल्म को भी अपनी कई डेट्स दे चुके हैं, ऐसे में डेट क्लैश की भी प्रॉब्लम थी। ऐसे में उन्होंने प्रॉजेक्ट से अलग होने का फैसला लिया। अब मेकर्स नए लीड ऐक्टर की तलाश में हैं।



# फिल्म या शो के चयन में काफी सावधानी बरतती हूं : श्वेता त्रिपाठी

फिल्म गॉन केश में एलोपेसिया से पीड़ित लड़की का किरदार निभाने के बाद श्वेता त्रिपाठी अब एक डिजिटल शो में डॉक्टर के किरदार में नजर आएंगी। उनका कहना है कि अपने प्रोजेक्ट के मामले में वह काफी चूजी हैं और सोच-समझकर चयन करती हैं।

लाखों में एक शो में वह डॉक्टर श्रेया की भूमिका में दिखाई देंगी। किरदार के साथ न्याय करने के लिए उन्होंने वर्कशॉप की मदद ली, जहां उन्होंने चिकित्सीय शब्दों के साथ-साथ नाड़ी की जांच करना और बुनियादी चिकित्सा प्रक्रियाएं जैसे कि रक्तचाप की जांच करना, जख्मों की जांच करना आदि बारीकियों को सीखा।

श्वेता ने एक बयान में कहा, लाखों में एक मेरी पसंदीदा परियोजनाओं में से एक है। मैं जो प्रोजेक्ट करती हूं, उनके बारे में काफी चूजी हूं। मुझे नहीं लगता कि मैंने किसी अन्य प्रोजेक्ट के लिए इतना होमवर्क किया है जितना कि मैंने इसके लिए किया और इससे वास्तव में मदद मिली। उन्होंने कहा कि वह दर्शकों द्वारा इस शो को देखे जाने को लेकर बहुत रोमांचित हैं और आशा करती हैं कि दर्शक इसे पसंद करेंगे।



# अगले साल बॉलिवुड में डेब्यू करने जा रही हैं सलमान की भांजी अलिजे

ऐसा लगता है कि बॉलिवुड सुपरस्टार की भांजी अलिजे अग्निहोत्री जल्द ही बॉलिवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। पहले ऐसा कहा जा रहा था कि वह सलमान की दबंग 3 से बॉलिवुड में डेब्यू कर सकती हैं लेकिन बाद में उनकी मां अलवीरा और पिता अतुल अग्निहोत्री ने इन खबरों को नकार दिया था। अब हालिया रिपोर्ट्स की माना जाए तो सलमान अलिजे को लॉन्च करने के लिए अच्छी स्क्रिप्ट की तलाश कर रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक सलमान अगले साल में अलिजे को लॉन्च करना चाहते हैं। कहा जा रहा है कि इसके लिए मशहूर कॉरियॉग्रफर सरोज खान अलिजे को इंडियन डान्स में ग्रूम भी कर रही हैं। एक सूत्र ने बताया कि हाल में जब अलिजे ने अपनी आंटी सीमा खान के कपड़ों के ब्रैंड के लिए मॉडलिंग की थी तो इंटरनेट पर उनकी तस्वीरें वायरल हो गई थीं। सूत्र ने यह भी बताया कि सलमान खान का प्रॉडक्शन हाउस उन्हें अगले साल लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। बताया जा रहा है कि अलिजे के लिए सलमान एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म की स्क्रिप्ट की तलाश कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि सरोज खान ने भी इस खबर को नकारा नहीं है और कहा है वह कई यंग ऐक्ट्रेस के साथ ही अलिजे की डान्स क्लास भी ले रही हैं और जल्द ही वह फिल्मों में दिखाई देंगी। सरोज खान ने बताया कि अलिजे पिछले 6 महीने से उनसे डान्स सीख रही हैं। इसी से पता चलता है कि अलिजे बॉलिवुड डेब्यू की तैयारी कर रही हैं। अब देखना है कि इसका ऑफिशल अनाउंसमेंट कब होता है। बता दें कि इससे पहले सलमान अपने बहनोई और अर्पिता खान के पति आयुष शर्मा को भी पिछले साल बॉलिवुड में लॉन्च कर चुके हैं।

# मेरी बायॉपिक के लिए आलिया को डांस सीखना पड़ेगा: माधुरी दीक्षित



अभिनेत्री माधुरी दीक्षित इन दिनों संजय दत्त, आलिया भट्ट, वरुण धवन, आदित्य रॉय कपूर और सोनाक्षी सिन्हा के साथ अपनी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म के प्रमोशनल इंटरव्यू के दौरान बातचीत में माधुरी कहती हैं कि यदि उनकी बायॉपिक बनाई जाए तो उनके रोल के लिए आलिया भट्ट सबसे सही अभिनेत्री होंगी, बस आलिया को थोड़ा अपने डांस पर काम करना पड़ेगा।

माधुरी कहती हैं, अगर मेरी बायॉपिक बनती है तो बिल्कुल आलिया भट्ट को ही मेरा रोल परदे पर निभाना चाहिए, सिर्फ थोड़ा और कथक सीखना पड़ेगा उनको। मैं इसलिए चाहती हूं कि मेरी बायॉपिक बनने पर वह हों क्योंकि वह बहुत ही बेहतरीन अभिनेत्री हैं। हाइवे, गली बॉय और राजी जैसी फिल्मों में उनका बेहतरीन परफॉर्मेंस देख चुकी हूं। अगर वह मेरी बायॉपिक करती हैं तो मजा आ जाएगा, लेकिन डांस में उनको थोड़ा और ध्यान देना पड़ेगा। वैसे कलंक में उन्होंने डांस तो किया है, जो ठीक है, तम्मा-तम्मा में भी उनका डांस बढ़िया था। आलिया आइडियल रहेंगी मेरी बायॉपिक में।

निर्माता करण जौहर की फिल्म कलंक 17 अप्रैल को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। 1940 के बैकग्राउंड पर बनी इस पीरियड ड्रामा का निर्देशन अभिषेक वर्मन ने किया है। फिल्म में आलिया भट्ट, वरुण धवन, माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर की अहम भूमिका है। आपको याद होगा कि यह वही फिल्म है, जिसमें ऐक्टिंग के लिए ऐक्ट्रेस श्रीदेवी तैयार हो गई थीं और इसके कुछ समय बाद ही उनके अचानक निधन की खबर ने फैन्स को झकझोर दिया था। बाद में इसी रोल के लिए माधुरी को साइन किया गया था।

लगभग 25 साल बाद माधुरी और संजय दत्त इस फिल्म में साथ दिखाई देंगे। अब तक फिल्म के सामने आए ट्रेलर में माधुरी और संजय के बीच किसी तरह का कोई संवाद नहीं दिखाया गया है, लेकिन प्रमोशन ने दौरान माधुरी और संजय साथ जरूर नजर आए। एक समय था, जब दोनों की मोहब्बत के किस्से बॉलिवुड में खूब थे, लेकिन संजय के आर्म्स ऐक्ट के तहत जेल जाने के तुरंत बाद ही माधुरी ने संजय से किनारा कर लिया था, बाद में अपनी शादी भी कर ली थी।

# इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स हुए 2 करोड़ तो झूम उठीं कटरीना कैफ



कटरीना कैफ बीटाउन की टॉप ऐक्ट्रेसेस में से एक होने के साथ ही पॉप्युलर अदाकाराओं में से एक भी हैं। सोशल मीडिया पर भी उनकी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है, जो अब और बढ़ गई है। कटरीना के इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की संख्या बढ़कर 20 मिलियन यानी 2 करोड़ हो गई है। इस मौके पर उन्होंने खासविडियो पोस्ट किया। शेयर विडियो में कटरीना कैफ झूमती हुई दिख रही हैं। बीच पर दौड़ती और मस्ती करती कटरीना के चेहरे से ही फॉलोअर्स बढ़ने की खुशी का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस विडियो के जरिए वह अपने फैन्स का शुक्रिया अदा करती भी दिख रही हैं।

खास बात यह है कि कटरीना ने इतने सारे फॉलोअर्स बहुत कम समय में पाए हैं। उन्होंने साल 2017 में इंस्टाग्राम पर अकाउंट बनाया था। इससे पहले वह सोशल मीडिया से दूर रहना ही पसंद करती थीं।

बता दें कि, कटरीना कैफ इन दिनों अपने दोस्तों के साथ मालदीव में छुट्टियां इंजॉय कर रही हैं। इस दौरान की कई तस्वीरें उन्होंने अपने फैन्स के साथ भी शेयर की हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो कटरीना जल्द ही फिल्म भारत में दिखाई देंगी, जिसमें सलमान खान लीड रोल निभा रहे हैं। यह फिल्म ईद के मौके पर रिलीज की जाएगी।